पाठ 6. सच्चा मित्र

पाठ की भूमिका

इस पाठ में मित्रता के महत्व को दर्शाया गया है। मित्र वही होते हैं जो न केवल अच्छे समय में साथ निभाते हैं बल्कि बुरे वक्त में भी एक-दूसरे की सहायता करने को तत्पर रहते हैं। मुसीबत के क्षणों में यदि मित्र ने साथ नहीं दिया तो वह सच्चा मित्र नहीं हो सकता है। यह पाठ जीवन की समस्याओं से सकारात्मक रूप में निबटने की क्षमता विकसित करता है।

पाठ का सार

अमर और केशव का सामना जंगल में भालू से होता है। अमर डरकर पेड़ पर चढ़ जाता है जबकि केशव ज़मीन पर लेट जाता है। वह अपनी साँस रोक लेता है और आँखें भी बंद कर लेता है। भालू उसे सूँघने के बाद मरा हुआ जानकर छोड़ देता है। भालू के चले जाने के बाद अमर पेड़ पर से उतरता है। केशव को इस बात से दुख होता है कि अमर ने मुसीबत के समय उसे अकेला छोड़ दिया। वह अमर से दोस्ती तोड़ लेता है।

अध्यापन संकेत

- **मूल पाठ के लिए संकेत**

  कहानी को अलग-अलग अंशों में बाँटकर उनका वाचन अलग-अलग बच्चों से करवाएँ और सार समझाते जाएँ। बीच-बीच में जंगल में रहने वाले जीव-जंतुओं, आदि की चर्चा करें। साथ ही, अच्छे मित्र के लक्षणों के बारे में बातचीत करें। कहानी से मिलने वाले संदेश के बारे में बच्चों से विशेष रूप से चर्चा करें। बच्चों के जीवन से जुड़ी ऐसी किसी घटना के बारे में जानकारी लें।

- **अभ्यास प्रश्नों के लिए संकेत**
  - **मौखिक प्रश्नों, पहेलियों, पाठ आधारित प्रश्नों** के अध्यापन संकेत हेतु **पृष्ठ संख्या** 10 देखें।
  - **भाषा आधारित प्रश्नों** का उद्देश्य हिंदी भाषा के व्याकरण-पक्ष को सुदृढ़ करना है।
  - समान अर्थ वाले शब्द अर्थात् मिलते-जुलते अर्थ वाले शब्दों के बारे में उदाहरणसहित समझाएँ। पाठ के अतिरिक्त, समानार्थी शब्दों के कुछ अन्य उदाहरण दिए जा सकते हैं, जैसे- मुँह-मुख, घर-गृह, आदि।
  - संयुक्ताक्षर किसे कहते हैं, यह समझाएँ। इसके लिए अभ्यास में दिए गए संयुक्ताक्षरों के अतिरिक्त कुछ अन्य उदाहरणों का सहारा लिया जा सकता है। संयुक्ताक्षर वाले शब्दों के उच्चारण पर विशेष बल दें।
  - यह सुनिश्चित करें कि बच्चे छोटे-छोटे वाक्य बनाएँ। वाक्य में हुई अशुद्धियों का सुधार कार्य अवश्य करवाएँ।

- **क्रियाकलाप के लिए संकेत**
  - जंगल में पाए जाने वाले जानवर हैं- भालू, चीता, शेर, सियार, जेब्रा, हिरण, आदि। उनके बारे में बच्चों से चर्चा भी करें।
  - अलग-अलग बच्चों की राय भिन्न-भिन्न हो सकती है। उनमें से सबसे सटीक राय के बारे में बच्चों के संग चर्चा करें।